पाठ 19. एक टीम अनेक खिलाड़ी

पाठ की भूमिका

इस पाठ का उद्देश्य बच्चों में विवेचनात्मक सोच संबंधी कौशल विकसित करना है ताकि वे अपने अनुभवों का सकारात्मक मूल्यांकन कर सकें। फ़िल्म बनाना किसी भी एक अकेले व्यक्ति के बस की बात नहीं है। इस काम को पूरा करती है पूरी एक टीम। योजना बनाकर, कहानी चुनने या लिखने से लेकर फ़िल्म के संवाद, अभिनय, निर्देशन और उसके संपादन तक के पूरे काम का लेखा-जोखा प्रस्तुत करता है यह पाठ। लेखक राजेंद्र भट्ट ने बड़े सलीके से एक फ़िल्म के बनने की पूरी यात्रा की तस्वीर खींची है।

पाठ का सार

फ़िल्म बनाने में अभिनेता-अभिनेत्रियों के अलावा निर्माता-निर्देशक तो चाहिए ही, साथ में फोटोग्राफ़र, स्पॉट बाय, प्रकाश व्यवस्था करने वाले और आवाज़ को रिकॉर्ड करने वाले भी उतने ही ज़रूरी हैं। कहानी लिखने वाले, संवाद लिखने वाले, गीत, जो आज की फ़िल्म का ज़रूरी हिस्सा हैं, उनके लिखने वाले, उन्हें गाने वाले और उन गीतों को संगीत देने वाले भी कम महत्वपूर्ण नहीं हैं।

फ़िल्म बनकर तैयार तब होती है जब एडीटिंग करने वाले संपादक की टीम अपना काम पूरा कर लेती है। इतना ही नहीं, डिब्बे में बंद फ़िल्म भी भला किस काम की! अब उसे दर्शकों तक पहुँचाने वाले वितरक भी चाहिए।

फ़िल्म बनाने वाली इस टीम के लिए, सभी खर्चों के लिए एक धन कुबेर यानी फाइनेंसर की भी ज़रूरत होती है।

अध्यापन संकेत

- **मूल पाठ के लिए संकेत**

  वाचन, शब्दों के अर्थ देने और एक-एक बात या महत्वपूर्ण अंग के बारे में विस्तार से बताएँ। इस पाठ को पढ़ाने में एक तरीका और भी काम आ सकता है। पाठ को परियोजना का रूप देकर-एक बच्चा या उनकी टीम कहानी और संवाद लिखे। कुछ पात्र अभिनय करें, कोई निर्देशक बने और इसी तरह पाठ में बताए गए सभी ज़रूरी कामों का बँटवारा करते हुए और उनको पूरा करते हुए कक्षा में फ़िल्म बनाने की पूरी यात्रा करवाई जा सकती है। फ़िल्मों का हमारे जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है, इसकी चर्चा विशेष रूप से करें।

- **अभ्यास प्रश्नों के लिए संकेत**
  - ❖ **मौखिक प्रश्नों, पहेलियों, पठित परिच्छेद** व **पाठ आधारित प्रश्नों** के अध्यापन संकेत हेतु **पृष्ठ संख्या 93** देखें।
  - ❖ **भाषा आधारित प्रश्नों** का उद्देश्य हिंदी भाषा के व्याकरण-पक्ष को सुदृढ़ करना है।
  - ❖ प्रत्यय से बच्चे परिचित हैं ही। उन्हें अन्य उदाहरण देकर भी समझाया जा सकता है। कुछ ऐसे भी उदाहरण दिए जा सकते हैं जिनमें मूल शब्द के साथ उपसर्ग भी लगे हों और प्रत्यय भी।

- **क्रियाकलाप के लिए संकेत**
  - ❖ वाक्य संबंधी अशुद्धियों से बच्चे बचें। इस बात का पूरा ध्यान रखें।